महत्वपूर्ण

संख्या-53/2022/203/65-2-2022-67(विविध)/2014टी0सी0 ।।

प्रेषक,

हेमन्त राव,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग।
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 02 जून, 2022

विषयः-उ0प्र0 में मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सहप्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने संबंधी दिशा-निर्देश में संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–5247/दि0ज0स0/मा0मं0आ0गृ0/2021-22 दिनांक 08.02.2022, जिसमें मा0 उच्चतम् न्यायालय में योजित अवमाननावाद संख्या-1653(सी0)/2018 गौरव कुमार बंसल बनाम दिनेश कुमार व अन्य में पारित मा0 उच्चतम् न्यायालय के आदेश दिनांक 01.09.2021 के अनुपालन में हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन हेतु ''उ0प्र0 में मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने'' विषयक शासनादेश संख्या-04/2016/2648/65-2-2015-67(विविध)/2014 दिनांक 13.01.2016 यथासंशोधित शासनादेश संख्या-82/2019/1156/65-2-2019-67 (विविध)/ 2014 टी0सी0 ।। दिनांक 31.07.2019 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश में संशोधन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त दिनांक 13.01.2016 एवं दिनांक 31.07.2019 द्वारा निर्गत ''उ0प्र0 में मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन हेतु आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने संबंधी दिशा-निर्देश'' में संशोधन करते हुये मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुये बेघर व्यक्तियों के लिये हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम हेतु कार्ययोजना के दिशा-निर्देश (संलग्न प्रारूप सहित) को निर्गत किये जाने स्वीकृति प्रदान की जाती है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3. शासनादेश संख्या-04/2016/2648/65-2-2015-67(विविध)/2014 दिनांक 13.01. 2016 एवं शासनादेश संख्या-82/2019/1156/65-2-2019-67(विविध)/2014 टी0सी0 ।। दिनांक 31.07.2019 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाये।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

हेमन्त राव,

अपर मुख्य सचिव।

संख्या-53/2022/203(1)/65-2-2022 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित:-

(1) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उ0प्र0 लखनऊ।

(2) समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

(3) समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

(4) समस्त मण्डलीय उपनिदेशक/जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, उ0प्र0।

(5) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-4।

(6) दिव्यांगजन सशक्तीकरण अनुभाग-1/3।

(7) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

अजीत कुमार

विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रो के संचालन तथा मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने हेतु संशोधित दिशा-निर्देश:-

वर्तमान नियम			संशोधित नियम
1-प्रस्तावना	विभिन्न श्रेणी के विकलांग जन हेतु मानसिक विकलांगता के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील दृष्टिकोण आवश्यक है, क्योंकि निश्चित रूप से मानसिक विकलांग वर्ग के व्यक्तियों को पराश्रय एवं दूसरों के सहयोग की अनिवार्य आवश्यकता होती है। इसको दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के निराश्रित मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण व्यक्तियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए शासकीय कार्यक्रमों के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं की भी भागीदारी आवश्यक है। स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आर्थिक सहयोग दिये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित विकलांग जन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु यथा निर्धारित कार्यों के लिए स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने हेतु आवश्यक पात्रता, अवस्थापना, प्रशिक्षण, अनुदान की सीमा, अनुदान वितरण की प्रक्रिया एवं अनुदान के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आदि का उल्लेख इस दिशा-निर्देश में किया गया है।	**1-प्रस्तावना**	विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजन विशेषकर मानसिक दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील दृष्टिकोण आवश्यक है, क्योंकि निश्चित रूप से मानसिक दिव्यांग व्यक्तियों एवं मानसिक बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों को पराश्रय एवं दूसरों के सहयोग की अनिवार्य आवश्यकता होती है। इसको दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश के निराश्रित मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रूग्ण तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित व ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए शासकीय कार्यक्रमों के साथ-साथ स्वैच्छिक संस्थाओं की भी भागीदारी आवश्यक है। स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आर्थिक सहयोग दिये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए एंव माननीय उच्चतम् न्यायालय में योजित अवमानना याचिका संख्या-1653 सी/18 गौरव कुमार बंसल बनाम श्री दिनेश कुमार व अन्य में पारित मा0 उच्चतम् न्यायालय के आदेश दिनांक 01.09.2021 के अनुपालन में "उत्तर प्रदेश में मानसिक मंदित तथा मानसिक रूप से रूग्ण निराश्रित दिव्यांगजन के लिए आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिए हाफ वे होम/लॉग स्टे होम हेतु यथा निर्धारित कार्यों के लिए स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिये जाने हेतु आवश्यक पात्रता, अवस्थापना, प्रशिक्षण, अनुदान की सीमा, अनुदान वितरण की प्रक्रिया एवं अनुदान के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया आदि का उल्लेख इस दिशा-निर्देश में किया गया है।
2-अनुदान का उद्देश्य	1. बिना किसी सामाजिक व आर्थिक समर्थन के आश्रयहीन मानसिक विकलांगजन जो कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हों या सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर विक्षिप्त अवस्था में भटक रहे हों, उनके लिये आश्रय, भोजन, वस्त्र, दैनिक दिनचर्या एवं देखभाल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना। 2. आश्रयहीन मानसिक मन्दित/रूग्ण विकलांग जन को भावनात्मक एवं सामाजिक सम्बल प्रदान कर उनके विकास के कार्य/ परामर्श प्रदान करना। 3. कौशल विकास प्रशिक्षण, नैत्यिक कार्यों का सम्पादन (एक्टिविटी ऑफ डेली लिविंग) सम्बन्धी प्रशिक्षण के माध्यम से मानसिक मंदित/रूग्ण विकलांग जन का व्यक्तित्व विकास तथा उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से पुनर्वासित करना। 4. परिवार से बिछड़े आश्रय हीन मानसिक रूप से विकलांग जन को उनके परिवार से मिलाने का	**2-अनुदान का उद्देश्य**	1. बिना किसी सामाजिक व आर्थिक समर्थन के आश्रयहीन मानसिक दिव्यांगजन तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों जो कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हों या सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर विक्षिप्त अवस्था में भटक रहे हों, या मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों के लिये आश्रय, भोजन, वस्त्र, दैनिक दिनचर्या एवं देखभाल जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना। 2. आश्रयहीन मानसिक मन्दित/रूग्ण दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों को भावनात्मक एवं सामाजिक सम्बल प्रदान कर उनके विकास के कार्य/परामर्श प्रदान करना। 3. कौशल विकास प्रशिक्षण, नैत्यिक कार्यों का सम्पादन (एक्टिविटी ऑफ डेली लिविंग) सम्बन्धी प्रशिक्षण के माध्यम से मानसिक मंदित/रूग्ण दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्तियों

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	प्रयास किया जाना। 5. ऐसे परिवार जो अपने मानसिक रूप से विकलांग सदस्य को अपने साथ रख रहे हैं उन परिवार के सामान्य सदस्यों को मानसिक विकलांग जन की देख-भाल हेतु प्रशिक्षित करना तथा ऐसे मानसिक विकलांग जन को भी आवश्यक प्रशिक्षण देना।		का व्यक्तित्व विकास तथा उन्हें सामाजिक व आर्थिक रूप से पुनर्वासित करना। 4. परिवार से बिछड़े आश्रय हीन मानसिक रूप से दिव्यांग एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्तियों को उनके परिवार से मिलाने का प्रयास किया जाना। 5. ऐसे परिवार जो अपने मानसिक रूप से दिव्यांग अथवा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए व्यक्ति/व्यक्तियों को अपने साथ रख रहे हैं व मानसिक बीमारी के उपरांत उपचारित व्यक्ति जो अपने परिवार के पास चला गया हो उन परिवार के सामान्य सदस्यों को मानसिक दिव्यांगजन/मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए व्यक्तियों की देख-भाल हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना तथा ऐसे दिव्यांगजन /मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए व्यक्ति को भी आवश्यक प्रशिक्षण देना।
3-परिभाषाएं	1. मानसिक मंदित-मानसिक मंदित का तात्पर्य नेशनल ट्रस्ट फॉर वेलफेयर ऑफ परसन्स विद ऑटिज्म, सेरिब्रल पॉलिसी, मेन्टल रिटार्डेशन एण्ड मल्टिपल डिसऐबिलिटी एक्ट 1999 में दी गयी परिभाषा से होगा। 2. मानसिक रूग्णता- मानसिक रूग्णता का तात्पर्य मानसिक मंदिता से भिन्न कोई मानसिक विकार से है। 3. संस्था अथवा स्वैच्छिक संगठन- संस्था अथवा स्वैच्छिक संगठन का तात्पर्य विकलांगजन अधिनियम 1995 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में घोषित सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत संस्था से है। 4. राज्य सरकार- राज्य सरकार का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है। 5. सचिव/ प्रमुख सचिव का तात्पर्य सचिव/ प्रमुख सचिव, विकलांग जन विकास विभाग, उत्तर प्रदेश से है। 6. निदेशक- निदेशक का तात्पर्य निदेशक, विकलांग जन विकास विभाग, उत्तर प्रदेश से है। 7. प्रबन्धक/सचिव- प्रबन्धक/सचिव का तात्पर्य स्वैच्छिक संगठन अथवा संस्था के प्रबन्धक/सचिव से है।	**3-परिभाषाएं**	1. मानसिक मंदित- मानसिक मंदित का तात्पर्य नेशनल ट्रस्ट फॉर वेलफेयर ऑफ परसन्स विद ऑटिज्म, सेरिब्रल पॉलसी, मेन्टल रिटार्डेशन एण्ड मल्टिपल डिसऐबिलिटी एक्ट 1999 में दी गयी परिभाषा से होगा। 2. मानसिक रूग्णता- मानसिक रूग्णता का तात्पर्य मानसिक मंदित से भिन्न कोई मानसिक विकार से है। 3. संस्था अथवा स्वैच्छिक संगठन- संस्था अथवा स्वैच्छिक संगठन का तात्पर्य दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में घोषित सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत संस्था से है। 4. राज्य सरकार- राज्य सरकार का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है। 5. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव का तात्पर्य अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश से है। 6. निदेशक- निदेशक का तात्पर्य निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश से है। 7. प्रबन्धक/सचिव- प्रबन्धक/सचिव का तात्पर्य स्वैच्छिक संगठन अथवा संस्था के प्रबन्धक/सचिव से है। 8. हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम का तात्पर्य ऐसे केन्द्र से है जहां पर मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्ति अल्प/अधिक समय तक रह रहे हों।
4- अवस्थापना सुविधाएं	आश्रय गृह में मानसिक विकलांगता/बहुविकलांगता से ग्रस्त विकलांगजन को प्रवेश के उपरान्त निम्न सुविधायें प्रदान की जायेगी:- 1. प्रत्येक संवासी की दैनिक क्रियाओं (Activities of Daily Living) की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जायेंगी तथा शौचालय, रसोई तथा लान को छोड़कर केवल लाभार्थी की आवासीय सुविधा हेतु प्रति लाभार्थी कम से कम 50 वर्ग फिट का स्थान उपलब्ध होगा। 2. संवासियों को स्वास्थ्य परक भोजन उपलब्ध	**अवस्थापना सुविधाएं**	आश्रय गृह/हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम में मानसिक दिव्यांगता/बहुदिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यांगजन व मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्तियों को प्रवेश के उपरान्त निम्न सुविधायें प्रदान की जायेगी:- 1. प्रत्येक संवासी की दैनिक क्रियाओं (Activities of Daily Living) की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपेक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जायेंगी तथा शौचालय, रसोई तथा लान को छोड़कर केवल लाभार्थी की आवासीय सुविधा हेतु प्रति लाभार्थी कम से कम 50 वर्ग फिट का स्थान उपलब्ध होगा। 2. संवासियों को स्वास्थ्यपरक भोजन व सुगम्य वातावरण

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	कराया जायेगा। 3. संवासियों को स्वच्छ वातावरण, हवादार एवं सूर्य प्रकाश से भरपूर कक्षों में रखा जायेगा। 4. संवासियों के लेटने, बैठने, भोजन करने तथा मनोरंजन हेतु आवश्यक संसाधन/सामाग्रियां उपलब्ध करायी जायेगी। 5. संवासियों की देख-रेख हेतु पाँच संवासियों पर कम से कम एक अटेण्डेन्ट की व्यवस्था आवश्यक है। 6. प्रशिक्षण योग्य संवासियों के लिए यथावश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था आवश्यक उपकरणों सहित होगी। 7. माईल्ड, माडरेट और सीवियर मानसिक विकलांग संवासियों को पृथक-पृथक रखने की व्यवस्था होगी। 8. संवासियों की चिकित्सा की उच्च कोटि की व्यवस्था होगी और इनका स्वास्थ्य परीक्षण किसी योग्य मनोचिकित्सक/फिजिशियन/बाल रोग विशेषज्ञ से प्रतिमाह एक बार अवश्य कराया जायेगा। संस्था में एक नर्स/कम्पाउण्डर की नियमित व्यवस्था होगी जो कि सभी संवासियों के चिकित्सीय परीक्षण/उपचार/औषधि का अंकन चिकित्सकीय परीक्षण पंजिका में अवश्य करेंगे। 9. संस्था में साईको काउन्सिलिंग, फिजियोथिरेपी तथा आक्यूपेशनल थिरेपी की नियमित व्यवस्था होगी। 10. संवासियों की सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध होंगे।		उपलब्ध कराया जायेगा। 3. संवासियों को स्वच्छ वातावरण, हवादार एवं सूर्य प्रकाश से भरपूर कक्षों रखा जायेगा। 4. संवासियों के लेटने, बैठने, भोजन करने तथा मनोरंजन एवं खेलकूद हेतु आवश्यक संसाधन/सामाग्रियां उपलब्ध करायी जायेगी। 5. संवासियों की देख-रेख हेतु पाँच संवासियों पर कम से कम एक अटैण्डेन्ट की व्यवस्था आवश्यक है। 6. प्रशिक्षण योग्य संवासियों के लिए यथावश्यक प्रशिक्षण, कौशल विकास की व्यवस्था आवश्यक उपकरणों सहित होगी। 7. माईल्ड, माडरेट और सीवियर मानसिक दिव्यांग संवासियों को पृथक-पृथक रखने की व्यवस्था होगी तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों को रखने की समस्त व्यवस्था पृथक होगी। 8. संवासियों की चिकित्सा की समुचित व्यवस्था होगी और इनका स्वास्थ्य परीक्षण मनोचिकित्सक/फिजिशियन/बाल रोग विशेषज्ञ से प्रतिमाह एक बार अवश्य कराया जायेगा। संस्था में एक नर्स/कम्पाउण्डर की नियमित व्यवस्था होगी जो कि सभी संवासियों के चिकित्सीय परीक्षण/उपचार/औषधि का अंकन चिकित्सकीय परीक्षण पंजिका में अवश्य करेंगे। 9. संस्था में साईको काउन्सिलिंग, फिजियोथिरेपी तथा आक्यूपेशनल थिरेपी की नियमित व्यवस्था होगी। 10. संवासियों की सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध होंगे। प्रशासनिक भवन, हास्टल तथा मुख्य स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाया जायेगा। 11. आश्रय गृह व हाफ वे होम/लॉग स्टे होम में महिलाओं के लिए अलग से शयन कक्ष, शौचालय, मनोरंजन कक्ष आदि की व्यवस्था होगी।
5-आश्रय ग्रह में प्रवेश हेतु पात्रता	1. प्रश्नगत आश्रय गृहों में सभी प्रकार के निराश्रित मानसिक विकलांग जन, जैसा कि विकलांग जन अधिनियम 1995 एवं राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 में परिभाषित है, को प्रवेश दिया जायेगा। 2. निराश्रित मानसिक रूप से विकलांग जन को प्रवेश लेने के पूर्व केन्द्र प्रभारी द्वारा उसका सामान्य चिकित्सीय परीक्षण राजकीय चिकित्सालय में कराया जायेगा। लाभार्थी का आई0क्यू0/बौद्धिक क्षमता का भी परीक्षण कराया जायेगा और मानसिक विकलांगता की श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी का पाये जाने पर ही प्रवेश दिया जायेगा। इन केन्द्र में प्रवेश हेतु विकलांग जन की आयु के सम्बन्ध में कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा। 3. मा0 न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में भी उपरोक्त बिन्दु सं0-01 से 02 तक के अन्तर्गत परिभाषित मानसिक रूप से विकलांग जन को ही प्रवेश दिया जायेगा। 4. प्रवेश सम्बन्धी विवाद होने पर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।	**5- आश्रय गृह/हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम में प्रवेश हेतु पात्रता:-**	1. प्रश्नगत आश्रय गृहों में सभी प्रकार के निराश्रित मानसिक दिव्यांगजन जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 एवं राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 में परिभाषित है को प्रवेश दिया जायेगा तथा मानसिक बीमारी के उपरान्त उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्तियों जो मानसिक चिकित्सालय या आश्रय गृह से ठीक होने के उपरान्त बेघर हो गये हों को चिकित्सालय/आश्रय गृह द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र के आधार पर हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम में प्रवेश दिया जायेगा। 2. आश्रय गृह में निराश्रित मानसिक रूप से दिव्यांगजन को प्रवेश लेने के पूर्व केन्द्र प्रभारी द्वारा उसका सामान्य चिकित्सीय परीक्षण राजकीय चिकित्सालय में कराया जायेगा। लाभार्थी को आई0क्यू0/ बौद्धिक क्षमता का भी परीक्षण कराया जायेगा और मानसिक दिव्यांगता की श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी का पाये जाने पर ही प्रवेश दिया जायेगा। इन केन्द्रों में प्रवेश हेतु दिव्यांगजन की आयु के सम्बन्ध में कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा। 3. मा0 न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में भी उपरोक्त बिन्दु सं0-01 से 02 तक के अन्तर्गत परिभाषित मानसिक रूप से दिव्यांगजन एवं मानसिक बीमारी के उपरान्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<table>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>उपचारित एंव ठीक हुए बेघर व्यक्यिों जो मानसिक चिकित्सालय या आश्रय गृह से ठीक होने के उपरान्त बेघर हो गये हों को ही प्रवेश दिया जायेगा।
4. प्रवेश सम्बन्धी विवाद होने पर सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।</td></tr>
<tr><td>6-प्रशिक्षण</td><td>1-केन्द्र पर प्रत्येक संवासी को उसकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार आकुपेशनल थेरेपी के अन्तर्गत एक्टिविटी आफ लिविंग का विकास करने के लिए उन्हें विभिन्न क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा।
2-संवासियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार समूह बनाकर रखा जायेगा तथा उनकी ग्रेडिंग कर तद्नुसार उन्हें प्रति दिन कम से कम 03 घण्टे विभिन्न ट्रेडों यथा- मोमबत्ती, डिब्बा, लिफाफा, अगरबत्ती बनाना, ट्वाइज मेंकिंग, सिलाई एवं अन्य रोजगार परक ट्रेडों में से यथा-आवश्यक ट्रेड में प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी।
3-ऐसे संवासी जो प्रशिक्षण योग्य नहीं हैं उन्हें प्रशिक्षण से मुक्त रखा जायेगा किन्तु उन्हें मनोवैज्ञानिक परामर्श के अनुसार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रखा जायेगा।
4-केन्द्र के संचालन हेतु वॉछित पदों की अर्हता निम्नानुसार होगीः-</td><td>6-प्रशिक्षण</td><td>1-केन्द्र पर प्रत्येक संवासी को उसकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार आकुपेशनल थेरेपी के अन्तर्गत एक्टिविटी आफ लिविंग का विकास करने के लिए उन्हें विभिन्न क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा।
2-संवासियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के अनुसार समूह बनाकर रखा जायेगा तथा उनकी ग्रेडिंग कर तद्नुसार उन्हें प्रति दिन कम से कम 03 घण्टे विभिन्न ट्रेडों यथा- मोमबत्ती, डिब्बा, लिफाफा, अगरबत्ती बनाना, ट्वाइज मेंकिंग, सिलाई एवं अन्य रोजगार परक ट्रेड्स में से यथा-आवश्यक ट्रेड्स में प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी।
3-ऐसे संवासी जो प्रशिक्षण योग्य नहीं हैं उन्हें प्रशिक्षण से मुक्त रखा जायेगा किन्तु उन्हें मनोवैज्ञानिक परामर्श के अनुसार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रखा जायेगा।
4-मानसिक मंदित आश्रय गृह/ हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन हेतु वॉछित पदों की अर्हता निम्नानुसार होगीः-</td></tr>
<tr><td></td><td>
<table>
<tr><th>क्र.सं</th><th>पद का नाम</th><th>निर्धारित अर्हता</th></tr>
<tr><td>1</td><td>समन्यवक (100 लाभार्थियों तक)</td><td>विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में परास्नातक की उपाधि तथा सम्बन्धित क्षेत्र में न्यूनतम 07 वर्षों का कार्य अनुभव</td></tr>
<tr><td>2</td><td>गृह सेवक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों पर एक)</td><td>कक्षा 10</td></tr>
<tr><td>3</td><td>सहायक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों पर एक)</td><td>कक्षा 8</td></tr>
<tr><td>4</td><td>चौकीदार (प्रत्येक 50 लाभार्थियों पर एक)</td><td>कक्षा 5</td></tr>
<tr><td>5</td><td>कार्यालय सहायक सह लेखाकार (प्रत्येक 100</td><td>विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से</td></tr>
</table>
</td><td></td><td>
<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>पद का नाम</th><th>निर्धारित अर्हता</th></tr>
<tr><td>1</td><td>समन्यवक</td><td>विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय में परास्नातक की उपाधि तथा सम्बन्धित क्षेत्र में न्यूनतम 07 वर्षों का कार्य अनुभव</td></tr>
<tr><td>2</td><td>गृह सेवक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों पर एक)</td><td>कक्षा 10</td></tr>
<tr><td>3</td><td>सहायक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों पर एक)</td><td>कक्षा 8</td></tr>
<tr><td>4</td><td>चौकीदार (प्रत्येक 50 लाभार्थियों पर एक)</td><td>कक्षा 5</td></tr>
<tr><td>5</td><td>कार्यालय सहायक सह लेखाकार (प्रत्येक 100</td><td>विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0कॉम0 की उपाधि तथा 02</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

		लाभार्थियों तक)	बी0कॉम0 की उपाधि तथा 02 वर्ष का अनुभव होने पर वरीयता।			लाभार्थियों तक)	वर्ष का अनुभव होने पर वरीयता।
	6	सामाजिक कार्यकर्ता (प्रत्येक 50 लाभार्थियों पर एक)	विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य में परास्नातक की उपाधि तथा 02 वर्ष का अनुभव		6	सामाजिक कार्यकर्ता (प्रत्येक 50 लाभार्थियों पर एक)	विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य में परास्नातक की उपाधि तथा 02 वर्ष का अनुभव।
	7	वोकेशनल प्रशिक्षक (प्रत्येक 50 लाभार्थियों पर दो)	कक्षा 10 उत्तीर्ण अथवा समकक्ष तथा सम्बन्धित ट्रेड में प्रमाण-पत्र।		7	वोकेशनल प्रशिक्षक (प्रत्येक 50 लाभार्थियों पर एक)	कक्षा 10 उत्तीर्ण अथवा समकक्ष तथा सम्बन्धित ट्रेड में प्रमाण-पत्र।
	8	अंशकालिक चिकित्सक (सामान्य) (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संबंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा पी0जी0 डिप्लोमा।		8	अंशकालिक चिकित्सक (सामान्य) (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संबंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा पी0जी0 डिप्लोमा।
	9	अंशकालिक मनो चिकित्सक (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संबंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा पी0जी0 डिप्लोमा।		9	अंशकालिक मनो चिकित्सक (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संबंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा पी0जी0 डिप्लोमा।
	10	अंशकालिक व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञानी, (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संबंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा जी0पी0 डिपलोमा तथा 02 वर्ष का कार्य का अनुभव।		10	अंशकालिक व्यवसायिक चिकित्सा विज्ञानी, (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संबंधित क्षेत्र में एम0डी0 अथवा पी0जी0 डिप्लोमा तथा 02 वर्ष का कार्य अनुभव।
	11	नर्स (प्रत्येक 100 लाभार्थियों तक एक)	संबंधित क्षेत्र में स्नातक एवं डिप्लोमा तथा उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी में पंजीकरण के साथ 02 वर्ष का अनुभव		11	नर्स (प्रत्येक 100 लाभार्थियों तक एक)	सम्बन्धित क्षेत्र में स्नातक एवं डिप्लोमा तथा उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी में पंजीकरण के साथ 02 वर्ष का अनुभव
	12	रसोईया (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक 01)	कक्षा-5 उत्तीर्ण तथा पाक कला का ज्ञान होना आवश्यक है।		12	रसोईया (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक 01)	कक्षा-5 उत्तीर्ण तथा पाक कला का ज्ञान होना आवश्यक है।
	13	भण्डार लिपिक 01	कक्षा-10 उत्तीर्ण ।		13	भण्डार लिपिक 01	कक्षा-10 उत्तीर्ण ।
	14	अंशकालिक योग प्रशिक्षक 01	संबंधित विषय में डिप्लोमा।		14	अंशकालिक योग प्रशिक्षक	संबंधित विषय में डिप्लोमा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

7- अनुदान समितिः-	1. निदेशक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्रों पर सम्यक विचारोपरान्त अनुदान समिति द्वारा अनुदान स्वीकृत किया जायेगा। 2. अनुदान समिति का गठन निम्नवत् होगा:- (1) प्रमुख सचिव/सचिव, विकलांग जन विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार- अध्यक्ष (2) प्रमुख सचिव/सचिव वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त विभाग का नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो- सदस्य (3) प्रमुख सचिव/सचिव, नियोजन, नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो- सदस्य (4) निदेशक, विकलांग जन विकास विभाग उत्तर प्रदेश सरकार,-सदस्य/सचिव (5) मानसिक मन्दित/रूग्णता के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्था/प्रतिष्ठित विकलांग व्यक्ति-दो सदस्य (सचिव/प्रमुख सचिव, विकलांग जन विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नामित) 3. अनुदान समिति की त्रैमास में कम से कम एक बार बैठक अवश्य आहूत की जायेगी।	**7(1) अर्हता**	1- अनुदान ग्रहीता स्वैच्छिक संस्था को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अधीन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश से पंजीकृत होना तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। यह कि दिव्यांगता के क्षेत्र में अनुभव की गणना दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अधीन पंजीकरण की तिथि से की जायेगी। 2- अनुदान ग्रहीता स्वैच्छिक संस्था को मानसिक स्वास्थ्य देख-रेख अधिनियम 2017 में पंजीकृत होना अनिवार्य है। 1. निदेशक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्रों पर सम्यक विचारोपरान्त अनुदान समिति द्वारा अनुदान स्वीकृत किया जायेगा। 2 (क) मानसिक मंदित आश्रय गृह के लिए अनुदान समिति का स्वरुप निम्नवत होगाः- (1) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार-अध्यक्ष (2) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो-सदस्य (3) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, नियोजन, नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो- सदस्य (4) निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार -सदस्य/सचिव (5) मानसिक मन्दित/रूग्णता के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्था/प्रतिष्ठित दिव्यांग व्यक्ति-दो सदस्य (अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नामित) 2 (ख) हॉफ वे होम/ लॉग स्टे होम के लिए अनुदान समिति का स्वरुप निम्नवत् होगाः- (1) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार - अध्यक्ष (2) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो- सदस्य (3) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, नियोजन, नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो- सदस्य (4) निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार-सदस्य/सचिव (5) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित एक प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का अधिकारी न हो-सदस्य (6) निदेशक मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि-सदस्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

			(7) मानसिक मन्दित/रूग्णता के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्था/प्रतिष्ठित दिव्यांग व्यक्ति-दो सदस्य (अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा नामित) 3. अनुदान समिति की वर्ष में कम से कम दो बार बैठक अवश्य आहूत की जायेगी। आवश्यकतानुसार बैठक कभी भी बुलायी जा सकती है।
8-अनुदान वितरण की प्रक्रिया:-	1. अनुदान किसी ऐसे निकाय को ही दिया जायेगा जो शासन के अधीन न होकर स्वायत्तशासी संगठन हो तथा सरकार के किसी दूसरे विभाग अथवा राज्य सरकार द्वारा गठित किसी संगठन को नहीं दिया जायेगा। 2. अनुदान ग्राही संस्था को जिस योजना अथवा कार्य के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है व संस्था किसी अन्य संस्था/संगठन को उक्त कार्य हेतु स्वीकृत अनुदान हस्तांतरित नहीं करेगी। अनुदान ग्राही संस्था द्वारा इस प्रकार किया गया धनराशि के अंतरण अनुदान का अपव्यय माना जायेगा। यदि अनुदान ग्राही संस्था सौंपे गये कार्य को करने में सक्षम नहीं है तो उस दशा में संस्था को अनुदान की समस्त धनराशि राज्य सरकार को वापस करनी पड़ेगी। अनुदान ग्राही संस्था द्वारा अनुदान प्राप्त करने के पूर्व उपरोक्त आशय का आश्वासन अनुबन्ध विलेख में दिया जायेगा। परन्तु यदि किसी संस्था की शाखाएं है और इसकी घोषणा अनुदान प्राप्त करने से पूर्व की गयी है या अनुदान इस विशिष्ट उददेश्य के साथ स्वीकृत किया गया है कि अनुदान ग्राही संस्था सरकारी नियमों के अन्तर्गत समान कार्य कर रही किसी अन्य संस्था को अनुदान हस्तांतरित कर सकी है, तो केवल इसी दशा में अनुदान का हस्तांतरण किया जा सकेगा। 3. अनुदान समिति की संस्तुति के अनुसार निदेशक द्वारा अनुदान ग्रहीता स्वैच्छिक संस्था को 2 किश्तों में (प्रथम किश्त स्वीकृत अनुदान की धनराशि का 40 प्रतिशत, द्वितीय किश्त स्वीकृत अनुदान की धनराशि का शेष 60 प्रतिशत) अनुदान रेखांकित चेक द्वारा दिया जायेगा। स्वैच्छिक संस्थाएँ कुल उपलब्ध धनराशि का 10 प्रतिशत का व्यय अपने निजी संसाधनों से व्यय करेंगे। संस्था द्वारा प्रतिमाह (15 दिन से अधिक) जितने मानसिक विकलांगजन को लाभान्वित किया जायेगा उतने ही संवासियों पर आये व्यय का भुगतान संस्था को किया जायेगा। 4. अनुदान ग्राही संस्था के द्वारा वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड 5 भाग 1 के प्रस्तर 209 के नीचे अंकित टिप्पणी (1) के अनुसार उपबन्ध (1) में वर्णित सहायता मंजूरी पंजिका रखना अनिवार्य होगा। 5. वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त सुरक्षित धनराशि (impressed money) आगामी	**8-अनुदान वितरण की प्रक्रिया:-**	1.(क) अनुदान किसी ऐसे निकाय को ही दिया जायेगा जो शासन के अधीन न होकर स्वायत्तशासी स्वैच्छिक संगठन हो तथा सरकार के किसी दूसरे विभाग अथवा राज्य सरकार द्वारा गठित किसी संगठन कोअनुदान नहीं दिया जायेगा। (ख) मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों हेतु हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम की स्थापना हेतु आधारभूत संरचना के सृजन के उपरान्त ही स्वैच्छिक संगठन द्वारा प्रस्तुत अनुदान प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। (ग) मानसिक चिकित्सालय/आश्रय गृह से उपचारित एवं ठीक हुए बेघर व्यक्तियों हेतु हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम संचालन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाली संस्था का **Mental Helthcare Act 2017** के अन्तर्गत पंजीकरण होना अनिवार्य है। (घ) मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र एवं हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन की सम्पूर्ण व्यवस्था अलग-अलग होगी। 2. अनुदान ग्राही संस्था को जिस योजना अथवा कार्य के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है वह संस्था किसी अन्य संस्था/संगठन को उक्त कार्य हेतु स्वीकृत अनुदान हस्तांतरित नहीं करेगी। अनुदान ग्राही संस्था द्वारा इस प्रकार किया गया धनराशि को अंतरण अनुदान का अपव्यय माना जायेगा। यदि अनुदान ग्राही संस्था सौंपे गये कार्यों को करने में सक्षम नहीं है तो उस दशा में संस्था को अनुदान की समस्त धनराशि राज्य सरकार को वापस करनी पड़ेगी। अनुदान ग्राही संस्था द्वारा अनुदान प्राप्त करने के पूर्व उपरोक्त आशय का आश्वासन अनुबन्ध विलेख में दिया जायेगा। परन्तु यदि किसी संस्था की शाखाएं है और इसकी घोषणा अनुदान प्राप्त करने से पूर्व की गयी है या अनुदान इस विशिष्ट उददेश्य के साथ स्वीकृत किया गया है कि अनुदान ग्राही संस्था सरकारी नियमों के अन्तर्गत समान कार्य कर रही किसी अन्य संस्था को अनुदान हस्तांतरित कर सकती है, तो केवल इसी दशा में अनुदान का हस्तांतरण किया जा सकेगा। 3. अनुदान समिति की संस्तुति के अनुसार निदेशक द्वारा अनुदान ग्रहीता स्वैच्छिक संस्था को 2 किश्तों में (प्रथम किश्त स्वीकृत अनुदान की धनराशि का 60 प्रतिशत, द्वितीय किश्त स्वीकृत अनुदान की धनराशि का शेष 40 प्रतिशत) अनुदान वित्तीय नियमों के अनुसार द्वारा दिया जायेगा। स्वैच्छिक संस्थाएँ कुल उपलब्ध धनराशि का 10 प्रतिशत का व्यय अपने निजी संसाधनों से व्यय करेंगे। प्रतिमाह जितने मानसिक दिव्ययांगजन को संस्था द्वारा 15 दिन से अधिक लाभान्वित किया जायेगा उतने ही संवासियों

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	वित्तीय वर्ष (तीन माह) हेतु रखी जायेगी ताकि आगामी बजट की उपलब्धता तक संस्था/आश्रय गृहों के सुचारू संचालन में अवरोध न उत्पन्न हो। 6. प्रथम किश्त की धनराशि का उपभोग हो जाने के उपरान्त सम्बन्धित स्वैच्छिक संस्था से उपभोग प्रमाण-पत्र प्राप्त करके तथा उस पर निदेशक अपना समाधान करने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त अवमुक्त करेंगे। 7. अनुदान ग्राही संस्था द्वारा द्वितीय किश्त का भी उपभोग प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष समाप्त होने के एक माह के अन्दर में निदेशक को प्रस्तुत किया जायेगा अन्यथा उस संस्था के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। 8-प्रशासकीय विभाग द्वारा मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु अनुदान दिये जाने हेतु प्रत्येक वर्ष निम्न समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। **<u>प्रथम चरण</u>** • मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु अनुदान दिये जाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रेस-विज्ञप्ति जारी किया जाना- दिनांक 31 मई तक • जनपद स्तर पर स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि- दिनांक 30 जून तक • जिलाधिकारी/सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि- दिनांक 31 जुलाई तक । • स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान दिये जाने हेतु अनुदान समिति की बैठक का आयोजन-दिनांक 20 अगस्त तक। • स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान की प्रथम किस्त (40 प्रतिशत) अवमुक्त किया जाना- दिनांक 31 अगस्त तक • स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा उपयोगिता प्रमाण-पत्र निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को उपलब्ध कराया जाना तथा स्वैच्छिक संस्थाओं को द्वितीय किस्त (60 प्रतिशत) का भुगतान किया जाना- दिनांक 31 दिसम्बर तक। **<u>द्वितीय चरण</u>** • मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन हेतु अनुदान दिये जाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रेस-विज्ञप्ति जारी किया जाना-दिनांक 01 सितम्बर तक। • जनपद स्तर पर स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि- दिनांक 30 सितम्बर तक • जिलाधिकारी/सक्षम प्राधिकारी की		पर आये व्यय का भुगतान संस्था को किया जायेगा। चूंकि मा0 उच्चतम् न्यायालय में योजित अवमानना याचिका संख्या-1653 सी/2018 गौरव कुमार बंसल बनाम श्री दिनेश कुमार व अन्य में पारित मा0 उच्चतम् न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में हाफ वे होम/लॉग स्टे होम का संचालन किया जाना है। अतः उक्त के लिए अनुदान ग्रहीता स्वैच्छिक संस्थाओं को दिये जाने वाला अनुदान उसी वित्तीय वर्ष में भुगतान किया जाना होगा। यदि उस वित्तीय वर्ष में भुगतान सम्भव नहीं हो पाता है तो आगामी वित्तीय वर्ष में उसका भुगतान अवश्य कर दिया जाना चाहिए। 4. अनुदान ग्राही संस्था के द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड 5 भाग 1 के प्रस्तर 209 के नीचे अंकित टिप्पणी (1) के अनुसार उपबन्ध (1) में वर्णित सहायता मंजूरी पंजिका रखना अनिवार्य होगा। 5.वित्तीय वर्ष की समाप्ति के उपरान्त सुरक्षित धनराशि (Impressed Money) आगामी वित्तीय वर्ष (तीन माह) हेतु रखी जायेगी ताकि आगामी बजट की उपलब्धता तक संस्था/आश्रय गृहों के सुचारू संचालन में अवरोध न उत्पन्न हो। 6. प्रथम किश्त की धनराशि का उपभोग हो जाने के उपरान्त सम्बन्धित स्वैच्छिक संस्था से उपभोग प्रमाण-पत्र प्राप्त करके तथा उस पर निदेशक अपना समाधान करने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त अवमुक्त करेंगे। 7. अनुदान की धनराशि का उपभोग हो जाने के पश्चात् सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा स्वैच्छिक संस्था का भौतिक सत्यापन कर प्रश्नगत धनराशि जिस मद में स्वीकृत की गयी है, का व्यय उसी मद में किया गया है, से संतुष्ट होने के उपरान्त उपभोग प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारुप **FORM GFR 19-A** पर 01 माह के अन्दर प्रतिहस्ताक्षरित कर निदेशक को प्रेषित किया जायेगा। उस पर निदेशक अपना समाधान करने के उपरान्त ही द्वितीय किश्त अवमुक्त हेतु प्रस्ताव दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित करेंगे। 8. प्रशासकीय विभाग द्वारा मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु अनुदान दिये जाने हेतु प्रत्येक वर्ष निम्न समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। **<u>प्रथम चरण</u>** • मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र/हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम के संचालन हेतु अनुदान दिये जाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रेस-विज्ञप्ति जारी किया जाना-दिनांक 31 मई तक • जनपद स्तर पर स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि- दिनांक 30 जून तक • जिलाधिकारी/सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि- दिनांक 31 जुलाई तक । • स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान दिये जाने हेतु अनुदान समिति की बैठक का आयोजन- दिनांक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<table>
<tr>
<td></td>
<td>संस्तुति के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि- दिनांक 31 अक्टूबर तक ।
• स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान दिये जाने हेतु अनुदान समिति की बैठक का आयोजन-दिनांक 20 नवम्बर तक।
• स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान की प्रथम किस्त (40 प्रतिशत) अवमुक्त किया जाना- दिनांक 30 नवम्बर तक
• स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा उपयोगिता प्रमाण-पत्र निदेशक, दिव्यांगजन सषक्तीकरण विभाग को उपलब्ध कराया जाना तथा स्वैच्छिक संस्थाओं को द्वितीय किस्त (60 प्रतिशत) का भुगतान किया जाना- दिनांक 28 फरवरी तक।</td>
<td></td>
<td>20 अगस्त तक।
• स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान की प्रथम किस्त (60 प्रतिशत) अवमुक्त किया जाना- दिनांक 31 अगस्त तक
• स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा उपयोगिता प्रमाण-पत्र निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को उपलब्ध कराया जाना तथा स्वैच्छिक संस्थाओं को द्वितीय किस्त (40 प्रतिशत) का भुगतान किया जाना- दिनांक 31 दिसम्बर तक।
<u>द्वितीय चरण</u>
• मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र/हॉफ वे होम/लॉग स्टे होम केन्द्र के संचालन हेतु अनुदान दिये जाने के लिए स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने हेतु प्रेस-विज्ञप्ति जारी किया जाना-दिनांक 01 सितम्बर तक।
• जनपद स्तर पर स्वैच्छिक संस्थाओं के आवेदन पत्र प्राप्त किये जाने की अंतिम तिथि- दिनाक 30 सितम्बर तक
• जिलाधिकारी/सक्षम प्राधिकारी की संस्तुति के साथ स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि- दिनांक 31 अक्टूबर तक ।
• स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान दिये जाने हेतु अनुदान समिति की बैठक का आयोजन- दिनांक 20 नवम्बर तक।
• स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान की प्रथम किस्त (60 प्रतिशत) अवमुक्त किया जाना- दिनांक 30 नवम्बर तक
• स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा उपयोगिता प्रमाण-पत्र निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को उपलब्ध कराया जाना तथा स्वैच्छिक संस्थाओं को द्वितीय किस्त (40 प्रतिशत) का भुगतान किया जाना- दिनांक 28 फरवरी तक।</td>
</tr>
<tr>
<td>9-अनुदान की सीमा:-</td>
<td>1. सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में संतुलन बनाये रखते हुए स्वैच्छिक संगठनों की संख्या एवं उनके कार्यों की उपयोगिता के दृष्टिकोण से अनुदान समिति द्वारा की गयी संस्तुति के अनुसार अनुदान की राशि कुल अनुमानित व्यय की 90 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
2. अनुदान की अधिकतम धनराशि निम्न विवरण के अनुसार अनुमन्य होगी।
3. संस्था में अनुबन्धित/नियुक्त कार्मिकों को मानदेय की धनराशि का भुगतान उनके राष्ट्रीयकृत बैंक खाते में किया जायेगा।</td>
<td>9-अनुदान की सीमा:-</td>
<td>1. सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में संतुलन बनाये रखते हुए स्वैच्छिक संगठनों की संख्या एवं उनके कार्यों की उपयोगिता के दृष्टिकोण से अनुदान समिति द्वारा की गयी संस्तुति के अनुसार अनुदान की राशि कुल अनुमानित व्यय की 90 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
2. अनुदान की अधिकतम धनराशि निम्न विवरण के अनुसार अनुमन्य होगी।
3. संस्था में अनुबन्धित/नियुक्त कार्मिकों को मानदेय की धनराशि का भुगतान उनके राष्ट्रीयकृत बैंक खाते में किया जायेगा।</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td colspan="4">क-आवर्ती मानदेय</td>
<td></td>
<td colspan="4">क-आवर्ती मानदेय</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td>क्र. सं</td>
<td>पदनाम</td>
<td>पदों की संख्या</td>
<td>प्रस्तावित दर</td>
<td></td>
<td>क्र. सं</td>
<td>पदनाम</td>
<td>पदों की संख्या</td>
<td>प्रस्तावित दर</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td>1</td>
<td>समन्यवक (100 लाभार्थियों तक)</td>
<td>लाभार्थियों की संख्यानुसार</td>
<td>28750/- प्रति माह</td>
<td></td>
<td>1</td>
<td>समन्यवक (100 लाभार्थियों तक)</td>
<td>लाभार्थियों की संख्यानुसार</td>
<td>28750/- प्रति माह</td>
</tr>
</table>

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	2	गृह सेवक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	7500/- प्रति माह		2	गृह सेवक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	7500/- प्रति माह
	3	सहायक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	6250/- प्रति माह		3	सहायक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	6250/- प्रति माह
	4	चौकीदार (प्रत्येक 50 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	6250/- प्रति माह		4	चौकीदार (प्रत्येक 50 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	6250/- प्रति माह
	5	कार्यालय सहायक सह लेखाकार (प्रत्येक 100 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	8750/- प्रति माह		5	कार्यालय सहायक सह लेखाकार (प्रत्येक 100 लाभार्थियों तक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	8750/- प्रति माह
	6	सामाजिक कार्यकर्ता (प्रत्येक 50 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	14500/- प्रति माह		6	सामाजिक कार्यकर्ता (प्रत्येक 50 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	14500/- प्रति माह
	7	वोकेशनल प्रशिक्षक (प्रत्येक 50 लाभार्थियों तक दो)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	9500/- प्रति माह		7	वोकेशनल प्रशिक्षक (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक 01)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	9500/- प्रति माह
	8	नर्स (प्रत्येक 100 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	9500/- प्रति माह		8	नर्स (प्रत्येक 100 लाभार्थियों तक एक)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	9500/- प्रति माह
	9	रसोईया (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक 01)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	6250/- प्रति माह		9	रसोईया (प्रत्येक 25 लाभार्थियों तक 01)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	6250/- प्रति माह
	10	भण्डार लिपिक	01	6250/- प्रति माह		10	भण्डार लिपिक	01	6250/- प्रति माह
	11	अंशकालिक चिकित्सक (सामान्य) (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	850/- प्रति विजिट		11	अंशकालिक चिकित्सक (सामान्य) (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	850/-प्रति विजिट (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)
	12	अंशकालिक मनो	लाभार्थियों की	850/- प्रति विजिट		12	अंशकालिक मनो	लाभार्थियों की	850/- प्रति विजिट (न्यूनतम 2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

		चिकित्सक (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संख्यानुसार				चिकित्सक (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	संख्यानुसार	साप्ताहिक विजिट)
	13	अंशकालिक व्यवसायिक चिकित्सा विज्ञानी, (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	850/- प्रति विजिट		13	अंशकालिक व्यवसायिक चिकित्सा विज्ञानी, (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)	लाभार्थियों की संख्यानुसार	850/- प्रति विजिट (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)
	14	अंशकालिक योग प्रशिक्षक	01	850/-प्रति विजिट (नयूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)		14	अंशकालिक योग प्रशिक्षक	01	850/- प्रति विजिट (न्यूनतम 2 साप्ताहिक विजिट)
	ख-आवर्ती-गैर मानदेय					**ख-आवर्ती-गैर मानदेय**			
	क्र. सं	**आवर्ती गैर मानदेय**	**वर्तमान दर**			**क्र. सं**	**आवर्ती गैर मानदेय**		**प्रस्तावित दर**
	1	भवन किराया (प्रति माह 25 लाभार्थियों तक) समूह 'क' शहर समूह 'ख' समूह 'ग'/अन्य (संस्था के निजी भवन होने पर रख-रखाव व अनुदान हेतु भवन किराये की अधिकतम 15 प्रतिशत धनराशि प्रति वर्ष हेतु होगी)	रू0 25000/- रू0 20000/- रू0 15000/- अथवा जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित दर जो न्यूनतम हो।			1	भवन किराया (प्रति माह 25 लाभार्थियों तक) समूह 'क' शहर समूह 'ख' समूह 'ग'/अन्य (संस्था के निजी भवन होने पर रख-रखाव व अनुदान हेतु भवन किराये की अधिकतम 15 प्रतिशत धनराशि प्रति वर्ष हेतु होगी)		रू0 25000 रू0 20000 रू0 15000 अथवा जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित दर जो न्यूनतम हो।
	2	संवासियों का भरण-पोषण (भोजन-रू0 1400/- कपड़े, साबुन, तेल, मंजन आदि-रू0 600)	रू0 2000/- प्रति संवासी प्रति माह			2	संवासियों का भरण-पोषण (भोजन-रू0 1400/- कपड़े, साबुन, तेल, मंजन आदि-रू0 600)		रू0 2000/- प्रति संवासी प्रति माह
	3	आकस्मिक व्यय (इन्टरनेट केनक्शन, वाचमैन/डाटा इन्ट्री आपरेटर की सेवायें सम्मिलित)	रू0 1600/- प्रति संवासी वार्षिक			3	आकस्मिक व्यय (इन्टरनेट केनक्शन, वाचमैन/डाटा इन्ट्री आपरेटर की सेवायें सम्मिलित)		रू0 1600/- प्रति संवासी वार्षिक
	4	दवाईयां तथा प्रयोगशाला व्यय	रू0 6000/- प्रति संवासी वार्षिक			4	दवाईयां तथा प्रयोगशाला व्यय		रू0 6000/- प्रति संवासी वार्षिक

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	5	कच्चा माल	रू0 10000/- से 70000/- प्रति वर्ष (व्यवसाय की प्रकृति पर निर्भर करेगा)		5	कच्चा माल	रू0 10000 से 70000 प्रति वर्ष (व्यवसाय की प्रकृति पर निर्भर करेगा)
	6	बेडिंग (बेडिंग, गद्दा, बेडशीट, पिलो, कम्बल, दरी, मैट आदि)	रू0 800/- प्रति संवासी वार्षिक		6	बेडिंग (बेडिंग, गद्दा, बेडशीट, पिलो, कम्बल, दरी, मैट आदि)	रू0 800 प्रति संवासी वार्षिक
	ग	**अनावर्ती**			**ग**	**अनावर्ती**	
	1	व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु उपकरण (दो व्यवसाय हेतु)	रु0 2,50,000/-		1	व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु उपकरण (दो व्यवसाय हेतु)	रु0 2,50,000/-
	2	फर्नीचर, तख्त मैट्रेसेस वास्तविक आवश्यकता अनुसार, कार्यालय तथा छात्रावास/गृह के कार्य क्षेत्र के अनुरुप हो।(05 वर्ष के पश्चात् क्षतिग्रस्त एवं खराब फर्नीचर बदलने हेतु पुनः अनुदान दिया जा सकेगा।)	रु0 4000/- प्रति लाभार्थी		2	फर्नीचर, तख्त मैट्रेसेस वास्तविक आवश्यकता अनुसार, कार्यालय तथा छात्रावास/गृह के कार्य क्षेत्र के अनुरुप हो।(05 वर्ष के पश्चात् क्षतिग्रस्त एवं खराब फर्नीचर बदलने हेतु पुनः अनुदान दिया जा सकेगा।)	रु0 4000/- प्रति लाभार्थी
	3	किचन उपकरण (05 वर्ष के पश्चात् क्षतिग्रस्त एवं खराब फर्नीचर बदलने हेतु पुनः अनुदान दिया जा सकेगा।)	रु0 50000/- (प्रत्येक 100 लाभार्थी तक)		3	किचन उपकरण (05 वर्ष के पश्चात् क्षतिग्रस्त एवं खराब फर्नीचर बदलने हेतु पुनः अनुदान दिया जा सकेगा।)	रु0 50000/-
	3.अनुदान की उक्त दरें वित्त एवं नियोजन विभाग के परामर्श से शासन द्वारा समय-समय पर परिवर्तित की जा सकेगी।				3. अनुदान की उक्त दरें वित्त एवं नियोजन विभाग के परामर्श से शासन द्वारा समय-समय पर परिवर्तित की जा सकेगी।		
